RAJYA SABHA

Wednesday, the 13th August, 1997/22. Shravana, 1919 (Saka)

The House met at eleven of the clock, **THE DEPUTY CHAIRMAN** in the Chair.

REFERENCE TO LOSS OF LIFE AND PROPERTY IN FLASH FLOODS IN HIMACHAL PRADESH

श्री महेश्वर सिंह : मैडम, हिमाचल प्रदेश में बाढ़ के कारण जो... **(व्यवधान)** ...

श्री सोमपाल : मैडम, आज के समाचार-पत्रों में पटना हाई कोर्ट के एक आब्जर्वेशन के बारे में आया है उससे देश के सामने एक संवैधानिक संकट खड़ा हो गया है।... **(व्यवधान)** ...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Hon'ble Members, I have an important thing to say. Please take your seats.

As hon. Members are aware, there has been a serious loss of life in Shimla and Kinnaur districts following cloud-bursts, heavy floods and flash floods. Heavy damage has been caused to local infrastructure, including school buildings and residential buildings.

In this hour of tragedy for the affected families, we extend our heartfelt condolences and a strong sense of solidarity. We are sure that every effort will be made to extend necessary rescue and relief assistance and to restore normalcy as early as possible.

I request hon. Members to rise in their places and observe silence as a mark of respect to the victims of the tragedy.

(Hon. Members then stood silence for one minute.)

RE. FUNCTION IN CENTRAL HALL ON MIDNIGHT OF 14TH/15TH AUGUST 1997 TO COMMEMORATE FIFTY YEARS OF INDEPENDENCE

विपक्ष के नेता (श्री सिकन्दर बख्त) : सदर साहिबा,... **(व्यवधान)** ...क्वेश्चन आवर नहीं **(व्यवधान)** मैं एक मिनट में अपनी बात कहना चाहता हूं। मैडम, बहुत अहम बात है और मैं इसका अपनी तरफ से पुरजोर मुताबला करना चाहता हूं। कल सैंट्रल हाल में कमेमोरेटिव फंक्शन होना है। इसमें महात्मा गांधी, वे हमारे मुल्क और खासतौर से आजादी के जंग के गैर-मामूली सिपहसालार थे, उसमें उनकी स्पीच के रिले होने के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू की स्पीच भी रिले होगी। मैं यह कहना चाहता हूं कि सुभाष चन्द्र बोस की स्पीच भी रिले होनी चाहिए। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की भी स्पीच जरूर रिले होनी चाहिए, मौलाना आजाद, की स्पीच, डा० अम्बेडकर साहब की स्पीच और एक लेडी श्रीमती सरोजनी नायडू की स्पीचों का हिस्सा और हमारे पहले राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद के स्पीच का हिस्सा इसमें होना चाहिए, सिर्फ नेहरू, जी का नहीं होना चाहिए। मैं इसका पुरजोर मुताबला करता हूं और मैं उम्मीद करता हूं कि हाउस इसमें मुझ से एग्री करेगा।... **(व्यवधान)** ...

†[نیتاوردھی دل شری سکندر بخت:
صدر صاحبہ - - - "مداخلت" - - - کو چھوڑیں
آور - نہیں - - - "مداخلت" - - - میں
ایک منٹ میں اپنی بات کہنا چاہتا ہوں۔
میڈم بہت اہم بات ہے میں اسکا اپنی
طرف سے پرزور مطالبہ کرنا چاہتا ہوں
کل سینٹرل ھال میں کمیمو ریٹیو فنکشن
ہونا ہے۔ اس میں مہاتما گاندھی۔

†[] Transliteration in Arabic script.

وہ ہمارے ملک اور خاص طور سے آزادی
کے جنگ کے غیر معمولی سپاہی سالار تھے۔
اس میں انکی اسپیچ کے پہلے ہونے
کے بعد پنڈت جواہر لال نہرو کی اسپیچ
بھی پہلے ہوگی۔ میں یہ کہنا چاہتا ہوں
کہ سبھاش چندر بوس کی اسپیچ بھی
پہلے ہونی چاہیئے۔ میں یہ بھی کہنا
چاہتا ہوں کہ سردار پٹیل بھائی پٹیل
کی بھی اسپیچ ضرور پہلے ہونی چاہیئے۔
مولانا آزاد کی اسپیچ۔ ڈاکٹر امبیدکر
صاحب کی اسپیچ اور ایک لیڈی شریمتی
سروجنی نائیڈو کی اسپیچوں کا حصہ
اور ہمارے پہلے پرائم منسٹر پنڈت جواہر
پر ساد کے اسپیچ کا حصہ اس میں ہونا
چاہیئے۔ صرف نہرو جی کا نہیں ہونا چاہیئے۔
میں اسکا پر زور مطالبہ کرتا ہوں اور
امید کرتا ہوں کہ حکومت اس میں مجھے
ایگری کریگا۔۔۔۔]

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Madam, I fully support him.

श्री नरेश यादव इसका हम सभी समर्थन करते हैं।

SOME HON. MEMBERS: Madam, the whole House supports him.

श्री सोमपाल महोदया, समाचार-पत्रों में पटना हाई कोर्ट... (**व्यवधान**)...

श्री संजय डालमिया मैडम मैं कहना चाहता हूं .. (**व्यवधान**) .. मैडम, मैं यह जानना चाहूंगा कि...

SHRI JOHN. F. FERNANDES: Madam, this matter can be raised during Zero Hour.

SHRI SIKANDER BAKHT: I don't want to raised it during Zero Hour I don't want to suspend the Question Hour. I only want to say that we should pay respect to all our leaders during the commemorative function

मेहरबानी करके "यज" तो करें। अगर "यज" करें तो बड़ी मेहरबानी होगी।

श्री संजय डालमिया . मैडम, मैं एक बात कहना चाहता हूं।

उपसभापति : क्या बात है?... ... (**व्यवधान**)... The Government is here. They will react to it.

श्री संजय डालमिया : वह बात इसी के साथ ताल्लुक रखती है। मैडम, यह जो कल समारोह होने जा रहा है, जिसमें हम लोगों को इनवाइट किया गया है, हमें यह पता चला है वहां आसन पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, स्पीकर और आप विराजमान होंगी। पर हमें साथ ही यह भी पता चला है कि आप हाउस आफ कामंस के जो स्पीकर हैं उनको भी मंच पर विराजमान करेंगी। मैडम, यह बहुत गलत बात होने जा रही है। आप की मर्जी है कि आप किन्हीं भी विदेशी अतिथियों को बुलायें और उन्हें बिठायें लेकिन हाउस आफ कामंस के स्पीकर को आप मंच पर बिठायें, यह हमारी भावनाओं के बिलकुल खिलाफ है। यह बहुत गलत काम हो रहा है। ... (**व्यवधान**)... मैडम, मुझे इस पर आपकी रूलिंग चाहिए।

SHRI SIKANDER BAKHT: Madam, this is unconstitutional. This cannot be done. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I do not know. Let us go ahead with the Question Hour. (*Interruptions*)

†[] Transliteration in Arabic script.

SHRI SATISH AGARWAL: This is against the spirit of the Constitution. This cannot be done. (*Interruptions*) We are being kept in the dark on such a vital issue. (*Interruptions*)

SHRI SIKANDER BAKHT: This cannot be done. (*Interruptions*)... Is it informal? (*Interruptions*)... Is that right? (*Interruptions*)... Somebody should inform us. (*Interruptions*)... Is that right? (*Interruptions*)...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: How are we going to discuss it? The Chair, Speaker is in charge of the programme. If any Member has any opinion, he is always welcome to speak with him. How are we going to discuss it? (*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let us go ahead with the Question Hour... (*Interruptions*)...

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Madam, I would like to draw your attention to this. The hon. Members are agitating about certain items of the programmes. Whatever is being arranged by the Presiding Officers—normally the Speaker does it—we do not discuss those things. In order to keep the Members posted with the factual arrangements and the details of the programme, let your Secretariat be in touch with the Lok Sabha Secretariat during the day and keep the Members informed that these are the programmes that we are going to have, so that unnecessarily these things would not come to the House and waste the time of the House. That is my request.

श्री सोमपाल : मैडम, एक मिनट । **(व्यवधान)**

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let us go ahead with the Question Hour. (*Interruptions*) Just one minute. (*Interruptions*)...Don't interrupt me. (*Interruptions*)...I said, "Please Please don't interrupt me". I have to some commens. (*Interruptions*)...Just one minute. (*Interruptions*)...

श्री सिकन्दर बख्त : गवर्नमेंट की तरफ से जवाब आ रहा था । ... **(व्यवधान)** ...

[اشری سکندر بخت: گورنمنٹ کی طرف سے جواب آ رہا تھا۔ "مداخلت"]

उपसभापति : आप बैठ जाइये । ... **(व्यवधान)**

श्री सिकन्दर बख्त : जयपाल रेड्डी जी कुछ बता रहे थे । ... **(व्यवधान)**

[اشری سکندر بخت: جے پال ریڈی جی کچھ بتا رہے تھے ... "مداخلت"]

उपसभापति : आप बैठिये न एक सेकेंड । बात पूरी हो जाने दीजिये ।

I will convey your sentiments to the Speaker. If Jaipalji wants to say something, he is welcome. (*Interruptions*)...

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI S. JAIPAL REDDY): No, Madam. You have done the job (*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will convey your sentiments to the Speaker. We don't discuss it. (*Interruptions*)...

श्री संजय डालमिया : हम आपसे जानना चाहेंगे । ... **(व्यवधान)**

उपसभापति : हां मैं कह दूंगी **(व्यवधान)** आप बैठेंगे तो मैं कहूंगी । ... **(व्यवधान)**

SHRI S. JAIPAL REDDY: I think Pranab Mukherjee Sahib and the Presiding Officer, both of

them, have spoken for all of us. On our behalf she will be in touch with the Committee concerned and convey our sentiments.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will do that.

SHRI S. JAIPAL REDDY: Madam, may I say that the Government doesn't have much role to play insofar as tomorrow's meeting is concerned? (*Interruptions*)...

SHRI K. R. MALKANI: Who has the role? (*Interruptions*)...Who is in charge? (*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will let you know. (*Interruptions*).

SHRI SIKANDER BAKHT: The HRD Ministry is organising the commemorative functions. (*Interruptions*)...

श्री सोमपाल : उपसभापति महोदया, एक मिनट, मेरी बात सुन लीजिये। ...**(व्यवधान)**...

श्री नरेश यादव : हाई कोर्ट के द्वारा वहां जो निर्णय लिया गया है।..**(व्यवधान)**

उपसभापति : आप एक मिनट बैठिये न, क्या हो गया है।..**(व्यवधान)**...

Just one minute. I would convey the sentiments of the Members to the Speaker. I will find out from the hon. Speaker what the actual programme is. As Mr. Mukherjee, Sikander Bakht Sahib and Mr. Jaipal Reddy have stated before the rising of the House today, I will come and infrom the Members what arrangements have been made. I will do that. (*Interruptions*)... Now let us go ahead with the Question Hour. Question No. 401. (*Interruptions*)...

श्री सोमपाल : उपसभापति महोदया, आज के समाचार पत्रों में।...**(व्यवधान)**

उपसभापति : क्वेश्चन आवर में और कुछ नहीं होगा।...**(व्यवधान)** आप बैठ जाइये।..**(व्यवधान)**

श्री सोमपाल : अखबारों में जो समाचार छपे हैं।...**(व्यवधान)**...संवैधानिक संकट खड़ा हो गया है।...**(व्यवधान)**

उपसभापति : क्वेश्चन आवर के बाद सुन लेंगे।..**(व्यवधान)**..एक घंटे में क्या संवैधानिक संकट हो जाएगा.....**(व्यवधान)**..बैठिये न आप।...**(व्यवधान)** क्वेश्चन करने दीजिये।..**(व्यवधान)** क्वेश्चन।..**(व्यवधान)**..

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा : जो हाई कोर्ट ने किया है, मुनासिब किया है।.... **(व्यवधान)** डिसकशन करना है तो कर लीजिये।...**(व्यवधान)**..

The High Court has done a right thing. (*Interruptions*)... The High Court has done a right thing.

श्री सोमपाल : महोदया, प्रश्न काल स्थगित कर देना चाहिये।...**(व्यवधान)**.

उपसभापति : कोई प्रश्न काल स्थगित नहीं होगा।..**(व्यवधान)** आप बैठिये।..**(व्यवधान)**

श्री नरेश यादव : महोदया, गम्भीर मसला है।...**(व्यवधान)**

उपसभापति : आप बैठिये। सभी मामले गम्भीर होते हैं दुनियां में प्रश्न काल है स्थगित नहीं होगा। आप बैठ जाइये। आपको रेज करना है तो इसके बाद रेज करिये। प्रश्न काल सिर्फ आपका नहीं है। प्रश्न काल में बहुत से लोगों ने नाम दिये हैं। आपको क्या अधिकार है कि दूसरों का हक मारें? **(व्यवधान)** इसमें बहुत से नाम हैं।...**(व्यवधान)**

श्री नरेश यादव : संविधान तो सभी का है । . . (**व्यवधान**) . .

उपसभापति : संविधान सब का है, बैठिये । एक घटे में संविधान को कोई तकलीफ नहीं होगी । आप 12 बजे रेज करिये । क्वेश्चन नम्बर, 301, श्री शव चरण सिंह जी ।

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Condition of National Highways in Assam, Rajasthan and M.P.

*301. SHRI SHIV CHARAN SINGH: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that condition of National Highway leading to and passing through Assam, Rajasthan and Madhya Pradesh is pitiable; and

(b) if so, the details of the steps/efforts taken/contemplated to improve the highways?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T. G. VENKATRAMAN: (a) No, Sir.

(b) National Highways are being maintained in traffic worthy condition within available resources. Further, improvement works such as widening, strengthening, reconstruction of weak and narrow bridges and geometric improvements etc, are also being carried out in a phased manner subject to the availability of funds, traffic needs and inter-se priority.

श्री शिव चरण सिंह : माननीय उपसभापति महोदया, मैं मंत्री जी ने जो उत्तर दिया है उससे बिल्कुल असंतुष्ट हूं । मैं इन्हीं के उत्तर का सार बताना चाहता हूं । देश भर में नेशनल हाइवेज की जो लेंथ है वह 34,608 किलोमीटर है । महोदया, आन्ध्र में 2,888 किलोमीटर, आसाम में 2,294, गुजरात में 1,631, कर्नाटक में 1,994, एम. पी. में 2,943, महाराष्ट्र में 2,918, तमिलनाडु में 1,896, हरियाणा में 698, उत्तर प्रदेश में 2,733 किलोमीटर है । अब महोदया प्रत्येक वर्ष सरफेस ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्रीज अपनी मनमर्जी से बजट घटाती और बढ़ाती रहती है । मैं मिसाल के तौर पर बताना चाहता हूं कि आन्ध्र में इन्होंने 1995-96 में 4,010 लाख रुपया दिया इस वर्ष इन्होंने आध्र का घटा दिया । आसाम में इन्होंने 1650 लाख रुपया दिया था, आसाम का घटा दिया । गुजरात में 4398 दिया उसका 2800 कर दिया । कर्नाटक में 2600 लाख रुपया था उसको 3300 लाख कर दिया है । आप अंदाज करिए । 12 प्रांतों का घटा दिया । कर्नाटक का बढ़ा दिया । एम. पी. के अंदर 2,020 लाख रुपया था उसका 1,020 कर दिया । केवल मैं स्टेटमेंट पढ़ रहा हूं मध्य प्रदेश और आसाम का । महोदया 2,020 लाख की जगह 1,020 लाख कर दिया । सरासर एक हजार काट दिया इन्होंने क्या यह मंत्री जी का कोई घर का महकमा है जो चाहे कर दो, चाहे जिसको काट दो चाहे जिसको बढ़ा दो । यह मैं आंकड़े इसलिए दे रहा हूं महोदया, महाराष्ट्र का 2918. . .

उपसभापति : जवाब तो आने दीजिए ।

श्री शिव चरण सिंह : केवल 1920 लाख रुपए दिया है महाराष्ट्र को । कमाल कर दिया है इन्होंने । कैसे छांटा है यह मेरा बेटा है यह मेरा दुश्मन है । महोदया, राजस्थान में जहां का मैं रहने वाला हूं 2930 किलोमीटर का नेशनल हाइवे है । आप माननीय सुनिए, ध्यान दीजिए । इन्होंने पिछले साल 6070 लाख रुपए दिया महोदया और इस साल 4200 लाख रुपए । काट दिया सरासर । कमाल है और कहते हैं सड़कें ठीक हैं । मरम्मत करा रहे हैं मेरे पहले प्रश्न का उत्तर दीजिए । यह जो आपका बंटवारा है यह किस आधार पर है और आपने अब तक गलत बंटवारा क्यों किया ? मेरा प्रश्न नम्बर वन ।